**NEWS CLIPPING: 09.02.2018**

**DAINIK JAGRAN**

# मेधावी विद्यार्थी किए सम्मानित

**जागरण संवाददाता, फरीदाबाद :** ग्रेटर फरीदाबाद स्थित मॉडर्न दिल्ली पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव सह प्रतिभाशाली विद्यार्थी अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि वाइएमसीए के उपकुलपति प्रो.दिनेश कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस मौके पर लगभग 900 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को शिक्षा एवं खेल जगत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर टैबलेट, शील्ड, छात्रवृत्ति, स्कॉलर टाई, स्कॉलर ब्लेज़र एवं स्कॉलर बैज से सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत वाद्य संगीत, गुरु वंदना, हरियाणवी लोक नृत्य, समूह गीत ओ' हेनरी रचित नाटिका 'ए रीट्रीव्ड रिफॉरमेशन' उल्लेखनीय रहे। स्कूल के निदेशक प्राचार्य यूएस वर्मा, छात्र प्रतिनिधि एस. भुवनेश एवं छात्रा प्रतिनिधि रेशम गिरधर ने अंत में आए हुए सभी मेहमानों का आभार प्रकट किया।

एवं




मॉर्डन दिल्ली पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करते वाइएमसीए के उपकुलपति प्रो.दिनेश कुमार, साथ में हैं स्कूल के निदेशक यूएस वर्मा● जागरण

# शिविर में 250 ने कराई स्वास्थ्य की जांच

**जासं, फरीदाबाद :** वाईएमसीए विश्वविद्यालय में मेट्रो अस्पताल के सहयोग से स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी पर स्वास्थ्य जागरूकता गोष्ठी में मेट्रो अस्पताल के डॉ.विशाल खुराना ने विद्यार्थियों तथा कर्मचारियों को पाचन, लीवर संबंधी रोगों, विकारों के रोकथाम, निदान, प्रबंधन तथा उपचार से संबंधित जानकारी दी। गोष्ठी के बाद परामर्श सत्र का आयोजन भी किया गया, जिसमें लगभग 120 लोगों ने लाभ उठाया। चिकित्सा शिविर में 250 लोगों ने हिस्सा लिया तथा चिकित्सा जांच का लाभ उठाया। कुलपति प्रो.दिनेश कुमार ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से जांच शिविर तथा सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने पर चिकित्सा केंद्र की सराहना की।

**NEWS CLIPPING: 09.02.2018**

**HINDUSTAN**

# छात्रों को रोगों से बचाव की जानकारी दी

## शिविर

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद द्वारा स्थानीय मैट्रो अस्पताल के सहयोग से एक दिवसीय स्वास्थ्य एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत विश्वविद्यालय परिसर में चिकित्सा जांच शिविर तथा स्वास्थ्य एवं सुरक्षा जागरूकता गोष्ठी आयोजित हुई। गेस्ट्रोएंट्रोलॉजी पर स्वास्थ्य जागरूकता गोष्ठी में मैट्रो अस्पताल के गेस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डॉ. विशाल खुराना ने विद्यार्थियों तथा कर्मचारियों को विभिन्न पाचन तथा लीवर संबंधी रोगों तथा विकारों के रोकथाम, निदान, प्रबंधन तथा उपचार से संबंधित जानकारी दी। गोष्ठी के बाद परामर्श सत्र का आयोजन किया गया, इसमें लगभग 120 लोगों ने परामर्श तथा जांच का लाभ उठाया।

## गोष्ठी

- एक दिवसीय स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया
- शिविर में विद्यार्थियों सहित लगभग 250 लोगों ने हिस्सा लिया

इस दौरान मधुमेह तथा उच्च रक्तचाप के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से रक्तचाप, ब्लड शुगर तथा ईसीजी की निःशुल्क जांच भी की गई। चिकित्सा जांच शिविर में लगभग 250 लोगों ने हिस्सा लिया तथा चिकित्सा जांच का लाभ उठाया।

इस मौके पर कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से चिकित्सा जांच शिविर तथा सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने पर चिकित्सा केन्द्र की सराहना की। शिविर का आयोजन विश्वविद्यालय के चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकुर शर्मा के देखरेख में किया गया, जिसमें चिकित्सा केन्द्र के कर्मचारियों ने सहयोग दिया।

इससे पूर्व, आगजनी तथा भूकंप के दौरान सुरक्षा उपायों को लेकर भी चर्चा का आयोजन किया गया, जिसमें मैट्रो अस्पताल के मुख्य सुरक्षा अधिकारी दीपक शर्मा ने विद्यार्थियों को उपयोगी जानकारी दी। उन्हे बताया कि भकंप के दौरान कैसे बचाव करें।



ग्रेटर फरीदाबाद के मॉर्डन डीपीएस में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वाईएमसीए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो दिनेश कुमार को स्मृति चिंह भेंट किया गया। ● हिन्दुस्तान

**NEWS CLIPPING: 09.02.2018**

**DAINIK BHASKAR**

## स्टूडेंट्स को दी लीवर संबंधी रोगों से बचाव की जानकारी

**फरीदाबाद** | वाईएमसीए विश्वविद्यालय द्वारा मेट्रो अस्पताल के सहयोग से स्वास्थ्य एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें स्टूडेंट्स को बताया कि कैसे लीवर को हेल्दी रखा जा सकता और कैसे इसे विकारों से बचाया जा सकता है। इसमें मेट्रो अस्पताल के गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डॉ. विशाल खुराना ने पाचन व लीवर संबंधी रोगों व विकारों के रोकथाम, निदान, प्रबंधन एवं उपचार से संबंधित जानकारी दी।

**NAVBHARAT TIMES**

## रोगों की दी जानकारी

■ **एनबीटी न्यूज, सेक्टर 8** : वाईएमसीए यूनिवर्सिटी और मेट्रो अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में कॉलेज परिसर में स्वास्थ्य जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज के अनेक छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस मौके पर एक कैंप भी लगाया गया। जिसमें 250 लोगों ने जांच करवाई। सेमिनार में मेट्रो अस्पताल के गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डॉ. विशाल खुराना ने छात्रों और कर्मचारियों को पाचन और लीवर संबंधी रोगों और विकारों की जानकारी दी। इसके साथ इसके रोकथाम, निदान और इलाज के बारे में बताया।

**NEWS CLIPPING: 09.02.2018**

**PUNJAB KESARI**

# वाईएमसीए में 250 विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य शिविर में लिया हिस्सा

फरीदाबाद, 8 फरवरी (ब्यूरो): स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद द्वारा स्थानीय मैट्रो अस्पताल के सहयोग से एक दिवसीय स्वास्थ्य एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर में चिकित्सा जांच शिविर तथा स्वास्थ्य एवं सुरक्षा जागरूकता गोष्ठी का आयोजित हुई।

गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी पर स्वास्थ्य जागरूकता गोष्ठी में मैट्रो अस्पताल के गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डॉ. विशाल खुराना ने विद्यार्थियों तथा कर्मचारियों को विभिन्न पाचन तथा लीवर संबंधी रोगों तथा विकारों के रोकथाम, निदान, प्रबंधन तथा उपचार से संबंधित जानकारी दी। गोष्ठी के उपरांत परामर्श सत्र का आयोजन भी किया गया, जिसमें लगभग 120 लोगों ने परामर्श तथा जांच का लाभ उठाया। इस दौरान मधुमेह तथा उच्च रक्तचाप के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से रक्तचाप, ब्लड शुगर तथा ईसीजी की नि:शुल्क जांच भी की गई। चिकित्सा जांच शिविर में लगभग 250 लोगों ने हिस्सा लिया तथा चिकित्सा जांच का लाभ उठाया।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से चिकित्सा जांच शिविर तथा सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने पर चिकित्सा केन्द्र की सराहना की। शिविर का आयोजन विश्वविद्यालय के चिकित्सा अधिकारी डॉ अंकुर शर्मा के देखरेख में किया गया, जिसमें चिकित्सा केन्द्र के कर्मचारियों ने सहयोग दिया। इससे पूर्व, आगजनी तथा भूकंप के दौरान सुरक्षा उपायों को लेकर भी चर्चा का आयोजन किया गया।

पंजाब केसरी ई-पेपर
Fri, 09 February 2018
epaper.punjabkesari.in//c/26106294